Alberta

समाचार विज्ञप्ति

सर्दियों के लिए अल्बर्टा के आश्रय-स्थल तैयार हैं

21 नवंबर 2024 मीडिया पूछताछ

अल्बर्टा सरकार ने इन सर्दियों में पूरे प्रोविंस में बेघर लोगों के लिए सहायता की व्यवस्था की है।

सर्दियों के बढ़ने के साथ-साथ पूरे अलबर्टा प्रोविंस में समुदायों के लिए अस्थायी शीतकालीन आश्रय-स्थलों और वर्षभर खुले रहने वाले आश्रय-स्थलों की संख्या में बढ़ोतरी की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ज़रूरतमंद लोगों के लिए उपयुक्त सहायता और उनके सोने के लिए गरम स्थान उपलब्ध हो।

अब पूरे अल्बर्टा प्रोविंस में बेघरों के लिए आश्रय-स्थलों के संचालन के लिए 2024-25 में 116 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया जा रहा है, जो 8 मिलियन डॉलर की वृद्धि है। इस वृद्धि से पूरे प्रोविंस में सभी आकार के समुदायों में स्थायी आश्रय-स्थलों के अलावा, नौ ग्रामीण समुदायों में सर्दियों के महीनों के लिए अस्थायी आश्रय-स्थल भी जोड़े गए हैं। इन अतिरिक्त आश्रय-स्थलों के साथ, अल्बर्टा सरकार इन सर्दियों में पूरे प्रोविंस में लगभग 4,800 आश्रय-स्थलों को वित्त पोषण प्रदान कर रही है।

"तापमान में होने वाली गिरावट के साथ हम अल्बर्टा के ज़रूरतमंद लोगों की ज़रूरतों पर विचार कर रहे हैं। अनेक समुदायों में अस्थायी शीतकालीन आश्रय-स्थलों के निर्माण के साथ-साथ वर्ष भर उपलब्ध रहने वाले आश्रय-स्थलों में हमारे निरंतर निवेश के कारण, हमें विश्वास है कि हमारी आश्रय प्रणाली, सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। हमेशा की तरह, हम समुदायों की आवश्यकताओं पर नज़र रखना जारी रखेंगे, ताकि हम यह सुनिश्चित कर सकें कि इन सर्दियो में ज़रूरतमंद लोगों को मदद मिल सके।”

जेसन निक्सन, मिनिस्टर ऑफ सीनियर्स, कम्यूनिटी एण्ड सोशल सर्विसेज

अल्बर्टा की सरकार ने बेघर महिलाओं के लिए आश्रय-स्थलों की संख्या बढ़ाने के लिए धन मुहैया कराया है तथा प्रोविंस में, विशेष रूप से एडमॉन्टन में, स्वदेशी नेतृत्व वाले आश्रय-स्थलों की संख्या में वृद्धि की है।

प्रोविंस में 2024 के लिए एडमॉन्टन आश्रयों के लिए कुल वित्त पोषण को बढ़ाकर 42.5 मिलियन डॉलर कर दिया है, जिससे 1,800 आश्रय-स्थलों को सहायता प्राप्त होगी, जो शहर के इतिहास में सबसे अधिक हैं। फिर भी, अल्बर्टा सरकार ने आश्रय संचालकों के साथ मिलकर काम किया है, ताकि अधिक आश्रय-स्थलों की आवश्यकता होने पर

क्षमता वृद्धि के लिए तैयारी की जा सके। प्रोविंस द्वारा कैलगरी में 2,000 से अधिक वर्ष भर चलने वाले आश्रय-स्थलों के संचालन हेतु 42 मिलियन डॉलर का वित्त पोषण किया गया है।

सरकार, एक ऑनलाइन पेज भी शुरू कर रही है, जिसमें एडमॉन्टन, कैलगरी और प्रोविंस के बाकी हिस्सों में आश्रय-स्थलों में दैनिक उपयोग संख्या को दर्शाया जाता है। यह डेटा सीधे आश्रय-स्थलों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है और इससे हमारी आश्रय-स्थल प्रणाली की क्षमता के बारे में पारदर्शिता बढ़ती है।

अल्बर्टा सरकार, प्रोविंस में आश्रय संचालकों के साथ मिलकर चुनौतियों का समाधान करने तथा सबसे अधिक गंभीर ज़रूरतों वाले लोगों के लिए सेवाओं को प्राथमिकता देने के लिए काम करना जारी रखेगी। इसमें एडमॉन्टन और कैलगरी दोनों में नेविगेशन और सहायता केंद्रों का संचालन जारी रखना शामिल है। ये अल्बर्टा में कमज़ोर वर्ग के लोगों की सहायता के लिए खुले और तैयार हैं, तथा एक ही स्थान पर महत्वपूर्ण सहायता और सेवाओं तक आसान पहुंच उपलब्ध करवाते हैं। 20 नवंबर तक, दोनों केंद्रों द्वारा लगभग 6,700 व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार की सहायता जैसे आश्रय और आवास सहायता, वित्तीय लाभ, मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन, पहचान सेवाएं और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सहायता की गई है।

त्वरित तथ्य

- 2024-25 में, बेघर आश्रयों और समुदाय-आधारित संगठनों के लिए कुल बजट लगभग 210 मिलियन डॉलर है।
- अल्बर्टा की सरकार स्थानीय प्रोग्रामों की सहायता के लिए 101 मिलियन डॉलर से अधिक की धनराशि भी उपलब्ध करा रही है, जो लोगों को बेघर होने से बचाने तथा उन्हें उचित सहायता के साथ स्थिर आवास उपलब्ध कराने के लिए तैयार किए गए हैं।

संबंधित जानकारी

- अल्बर्टा में आश्रय-स्थलों का उपयोग

संबंधित समाचार

- कैलगरी के सबसे कमजोर लोगों को सहायता करना (2 जुलाई 2024)
- नेविगेशन और सपोर्ट सेंटर स्थायी रूप से खुला रहेगा (26 मार्, 2024)

मीडिया पूछताछ

एलिशा विशलॉफ

780-643-6210
प्रेस सचिव, सीनियर्ज़, कम्यूनिटी एंड सोशल सर्विसेज़